# शोध प्रविधि : बहुविषयक

शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा शोध प्रविधि : बहविषयक विषय पर आयोजित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में महाविद्यालय परिवार आपको आमंत्रित करते हुए अकादमिक भागीदारी का आग्रह करता है। ऐसी आशा है कि इस संगोष्ठी में आपके शोध पत्रों से समसामयिक विषय पर विचार मंथन करने एवं उनके निष्कर्षों से नीतिगत संशोधन एवं परिमार्जन करने का अवसर मिलेगा।

## विषय परिचय

पुस्तकालय विज्ञान एक ऐसा अध्ययन और अभ्यास का क्षेत्र है जो पुस्तकालयों के संगठन, प्रबंधन और सूचना स्त्रोत को कैसे प्रबंधित किया जाए, इस पर केन्द्रित है ये विज्ञान पुस्तकालयों की व्यवस्था उनके संचालन को व्यवस्थित करने और उपयोगकर्त्ताओं को उनकी जरूरत की सूचना प्रदान करने के तरीकें पर आधारित है। पुस्तकालय विज्ञान का उद्देश्य न केवल किताबों और अन्य लिखित सामग्रियों को व्यवस्थित रखाना है, बल्कि डिजिटल रूप से उपलब्ध सूचना स्त्रोत जैसे कि ई-बुक्स और ऑनलाइन डेटाबेस को भी प्रबंध करना शामिल है। पुस्तकालय विज्ञान के जनक एस. आर. रंगनाथन ने पुस्तकालय विज्ञान को एक नई दिशा प्रदान करते हुए पांच सूत्रों का प्रतिपादन किया।

1. पुस्तकें उपयोग के लिए है।
2. प्रत्येक पाठक को उसकी पुस्तकें मिले।
3. प्रत्येक पुस्तक को उसका पाठक मिले।
4. पाठक के समय की बचत।
5. पुस्तकालय वर्धनशील संस्था है।

पुस्तकालय विज्ञान में कैरियर के अनेक अवसर हैं पुस्तकालय विज्ञान के पेशावर को पुस्तकालयाध्यक्ष, सूचना विश्लेषक, डाटाबेस प्रबंधक और सूचना नीति निर्माता के रूप में रोजगार मिल सकता है। शैक्षणिक संस्थानों, शोध संस्थानों, सरकारी ऐजेंसियाँ और प्राइवेट सेक्टर सभी में पुंस्तकालय विज्ञान के पेशावर की बहुत मांग होती है।

पुस्तकालय विज्ञान में अनुसंधान पद्धति एक महत्वपूर्ण केन्द्र है, जो अनुसंधान प्रक्रियाओं, विधियां और उपकरणों का अध्ययन करता है। ये पद्धति अनुसंधान के प्रश्न को कैसे समझा जाये, डाटा कैसे एकत्रित किया जाए और निष्कर्ष कैसे निकाला जाए, इस पर मार्गदर्शन प्रदान करता है। पुस्तकालय विज्ञान के संदर्भ में, अनुसंधान पद्धतियों विभिन्न प्रकार के डाटा – मात्रात्मक और गुणात्मक दोनों के संधारण, विश्लेषण और व्याख्या में सहायक होती है।

## संगोष्ठी के उपशीर्षक

1. बिब्लियोमेंट्रिक और साइंटोमेट्रिक विश्लेषण तकनीक
   Bibliometric and Scientometric Analysis Techniques
2. बौद्धिक संपदा अधिकार
   Intellectual Property Right
3. पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में गुणात्मक अनुसंधान विधियाँ
   Qualitative Research Methods in Library and Information Science (LIS)
4. उपभोक्ता व्यवहार विश्लेषण
   Consumer Behaviour Analysis
5. ई-कॉमर्स अनुसंधान में उभरते रूझान
   Emerging Trends in E-Commerce Research
6. अनुसंधान नैतिकता और सत्यनिष्ठा
   Research Ethics and Integrity
7. खुली पहुँच और अनुसंधान पर इसका प्रभाव
   Open Access and Its Impact on Research
8. सभी विषयों में बिग डॅटा एनालिटिक्स
   Big Data Analytics Across Disciplines
9. व्यवस्थित समीक्षाएँ और मेटा-विश्लेषण : अनुशासन से परे पद्धतियाँ
   Systematic Reviews and Meta-Analyses: Methodologies Beyond Discipline
10. बहुविषयक संदर्भ में अनुसंधान नैतिकता
    Research Ethics in a Multidisciplinary Context
11. पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान पर सोशल मीड्यिा का प्रभाव
    Impact of Social Media on Library and Information Science
12. वर्तमान परिदृश्य में डिजिटल साक्षरता का महत्व
    Importance of Digital Literacy in Present Scenario
13. वेब आधारित पुस्तकालय सेवाएँ और संसाधन
    Web Based Library Services and Resources
14. कृत्रिम बुद्धिमत्ता
    Artificial Intelligence
15. हरित पुस्तकालय
    Green Library
16. सतत् पुस्तकालय सेवाएँ
    Sustainable Library Services

## शोध पत्रों एवं शोध सारांश की प्रस्तुति

शोध संगोष्ठी के मुख्य तथा सह विषयों पर निर्धारित प्रारूप में शोध पत्र अंग्रेजी तथा हिन्दी भाषा में आमंत्रित हैं। संगोष्ठी में प्रस्तुत शोध पत्रों को निर्धारित प्रक्रिया के बाद पृथक से प्रकाशित किया जायेगा। इस हेतु यह आवश्यक है कि शोध-पत्र अन्यत्र प्रस्तुत या प्रकाशित न हो तथा वह न्यूनतम मानकों को पूर्ण करता हो। शोध पत्र पुस्तक रूप में प्रकाशित किया जाना प्रस्तावित है।

### शोध पत्र का प्रारूप

आपका शोध-पत्र पूर्ण रूप से प्राप्त होना चाहिये। Full Length Paper में शोध सारांश, कीवर्डस एवं विस्तृत विवरण होना चाहिये। मात्र शोध सारांश **(Abstract)** स्वीकार नहीं होगा। शोध पत्र ए-4 साईज के कागज पर हिन्दी में **Krutidev 010, Font Size 16, Spacing 1.5** अथवा अंग्रेजी भाषा **Times New Roman, Font 12** में E-mail @gmail . com पर दिनांक 10 मार्च तक भेजना सुनिश्चित करें।

## पंजीयन शुल्क विवरण

| क्र | पंजीयन श्रेणी | पंजीयन शुल्क |
|---|---|---|
| 1· | प्राध्यापक/सह प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक | 401 |
| 2. | अतिथि विद्वान/शोधार्थी | 201 |
| 3 | महाविद्यालयीन छात्राऐं | 101 |

### पंजीयन शुल्क जमा करने हेतु

नाम : Principal Govt. Autonomous Girls P. G. Degree College, Sagar (M.P.)
खाता संख्या : 50100247178903
बैंक का नाम : HDFC Branch Sagar
IFSC Code : HDFC0000449

Payment QR

### महत्वपूर्ण तिथियाँ

| | | |
|---|---|---|
| शोध पत्र प्राप्ति | : | 10 मार्च 2024 |
| उद्घाटन सत्र | : | 23 मार्च 2024 |
| समापन सत्र | : | 23 मार्च 2024 |

### भोजन व्यवस्था

पंजीकृत सहभगियों के भोजन व्यव्स्था निःशुल्क रहेगी। निवेदन है कि आने की सूचना 10 मार्च 2024 तक आवश्यक रूप से दीजिये ताकि आपके भोजन व्यवस्था सुचारू ढंग से सम्पन्न की जा सके।

## महाविद्यालय परिचय

शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्ता महाविद्यालय सागर मध्यप्रदेश बुन्देलखाण्ड के बीना, जबलपुर रेल मार्ग पर स्थित सागर संभाग का सबसे बड़ा कन्या महाविद्यालय है इस महाविद्यालय में कला, विज्ञान, गृहविज्ञान, एवं वाणिज्य संकाय की स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाएँ तथा अनेक व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित हो रहे है। इस महाविद्यालय की पूर्व छात्रायें विभिन्न शैक्षणिक व्यावसायिक एवं प्रशासनिक पदों पर पदस्थ हो कर महाविद्यालय का नाम रोशन कर रही हैं।